तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

14 एक पेड़ मां के नाम अभियान को व्यापारी संगठन का साथ, तीन ...


13 धरती आबा अभियान के तहत ग्रामीणों को मिला ..




# आदिम जाति कल्याण विभाग के स्थानांतरण में मनमानी, शिक्षिकाएं काउंसिलिंग से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिला के आदिम जाति कल्याण विभाग के अतिशेष शिक्षको के युक्तियुक्तकरण के तहत किए गए स्थानांतरण में व्यापक अनियमितता, भेदभाव बरतने का आरोप शिक्षिकाओं ने लगाया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के अतिशेष शिक्षको जिन्हे टी संवर्ग से जाना जाता है पर शासन के उक्त निर्देश का पालन नहीं किया गया वही दूसरी ओर स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक जिन्हे ई संवर्ग से जाना जाता जा ,शासन के निर्देश का अक्षरश पालन कर वरीयता क्रम में काउंसलिंग हेतु आमंत्रित कर पदस्थापना की गई जबकि दोनो ही संवर्ग के लिए शासन का एक ही निर्देश व प्रावधान है, बावजूद दोनो संवर्गो के शिक्षको के युक्तियुक्तकरण में भेदभाव किया गया है ,भेदभाव किए जाने के फलस्वरूप टी संवर्ग में एक साल से कम अवधि में सेवानिवृत होने वाले शिक्षक एवं महिला शिक्षिका को काउंसलिंग से वंचित कर दिया गया।

टी संवर्ग के पीड़ित शिक्षिकाओं द्वारा बार बार अभ्यावेदन एवं जिला स्तरीय समिति में अपना पछ रखने के बाद भी उनका अभ्यावेदन अमान्य किया गया ,अमान्य का कारण आदेश में उल्लेख नहीं है ,जो इन अधिकारियों के मनमानी को प्रदर्शित करता है,,टी संवर्ग के शिक्षिकाओं में अधिकारियों के भेदभाव ,मनमाना, शासन विरोधी कृत्यों से आक्रोश व्याप्त है।

## टी संवर्ग की शिक्षिकाओं की नियम को ताक पर रखकर किया गया तबादला

### युक्तियुक्तकरण में लोचा उजागर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शालाओं और शिक्षको का युक्तियुक्तकरण हेतु दि.02_08_2024 को पत्र जारी कर विस्तार से निर्देश जारी किए गए थे ,निर्देश की कंडिका छ (4) में अतिशेष शिक्षको की अंतिम रूप से तैयार सूची के आधार पर काउंसलिंग प्रक्रिया से पदस्थापना करने का प्रावधान है ,पूर्व माध्यमिक शालाओ के शिक्षको का चिन्हांकन कंडिका सात(4) में शाला में पदभार ग्रहण तिथि को आधार मानकर कनिष्ठतम शिक्षक का किया जाना है ,चिन्हांकित शिक्षको का विषय / संकायवार चिन्हांकित कर काउंसलिंग में रिक्त स्थानों का चयन करने के लिए सभी अतिशेष शिक्षको का वरीयता क्रम में सूची तैयार किया जाना है ,जिनमे सबसे पहले ऐसे शिक्षक _ शिक्षिका जिनकी सेवानिवृति दो वर्ष से कम है ,दूसरे क्रम में सभी महिला शिछिकाए वरिष्ठता क्रम में ,तीसरे क्रम में शासन से मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन के पात्र पदाधिकारी ,चौथे क्रम में सी ए सी और अंत में अन्य( पुरुष ) शिक्षक वरिष्ठता क्रम में सूची तैयार कर रिक्त स्थानों का चयन करने वरीयता क्रम सूची से क्रमानुसार काउंसलिंग आमंत्रित किया जाना है , मिली जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति में दो वरिष्ठ आई ए एस,नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ,जिला महिला बाल विकास अधिकारी , एवं जिला शिक्षा अधिकारी होने के बाद शासन के चंद निर्देशों को तर्क कुतर्क के बीच मनमाना व भेदभाव किया जाना आश्चर्य का विषय है।

### पदस्थापना में साजिश की गई

पीड़ित शिक्षिकाओं ने बताया की वे युक्तियुक्तकरण के खिलाफ नही है वे केवल ई संवर्ग एवं टी संवर्ग के बीच किया गया भेदभाव एवं मनमाना के खिलाफ है ,युक्तियुक्तकरण नियम स्पष्ट होने के बावजूद कनिष्ठतम शिक्षक के स्थान पर वरिष्ठ शिक्षक का चिन्हांकन गलत विषय संकाय प्रदर्शित कर चिन्हांकन ,दिव्यांगो का चिन्हांकन जिस शाला से अतिशेष शिक्षक के रूप में अन्यंत्र शाला में स्थानांतरण किया गया ,उसी शाला में उसी विषय संकाय के शिक्षक की पदस्थापना किया जाना जैसे अनेक गलतियां की गई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तर के एक जिम्मेदार अधिकारी अपनी पत्नी को अतिशेष चिन्हांकन से मुक्त रखने युक्तियुक्तकरण से पूर्व अन्यंत्र पदस्थापना करने जैसे षड्यंत्र रचने की जानकारी मिली है।

**किसानी**

**अब तक 23015.80 क्विंटल बीज तथा 28260 मीटरीक टन उर्वरक का उठाव कर लिया गया**

# दो दिनों से हो रही बारिश, किसानों को मिली राहत, बोआई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिले में लगातार हो रही बारिश के साथ ही किसानों के खरीफ फसलों की बुआई का कार्य जोरों पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा किसानों की मांग के अनुरूप सहकारी समितियों में खाद व बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

सेवा सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश और गुणवत्तापूर्ण बीजों का भंडारण एवं वितरण का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के किसानों द्वारा अब तक 23015.80 क्विंटल बीज तथा 28260 मेट्रिक टन उर्वरक का उठाव कर लिया गया है। सहकारी समितियों में यूरिया, डी.ए.पी, पोटाश, एन.पी.के. सिंगल सुपर फास्फेट, नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी. आदि का भण्डारण निरंतर किया जा रहा है तथा किसानों की मांग के अनुरूप सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। जिले के सेवा सहकारी समिति सांकरा ज. के किसान पंकज कुमार देशमुख ने बताया कि उन्हें समिति से पर्याप्त मात्र में बीज व खाद प्राप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि सेवा सहकारी समिति सांकरा ज. से उन्होंने अपनी फसल के लिए 09 बोरी डीएपी और 09 बोरी युरिया लिया है। पंकज कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पर्याप्त मात्र में खाद और बीज मिलने से वह अब अपने खेती के कार्य को बेहतर तरीके से कर सकेगा। उसने कहा कि समय पर संसाधन उपलब्ध होने से फसल उत्पादन में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। किसान पंकज देशमुख ने शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना, 21 क्विंटल धान की खरीदी से हम किसानों के जीवन में काफी बदलाव आया है, जिससे किसान काफी सशक्त हुए हैं।

### 122 सोसाइटियों में खाद-बीज का पर्याप्त है भंडारण, वितरण से किसानों को राहत

**बालोद।** जिले में किसानों को खेती कार्य हेतु समय पर बीज एवं खाद उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से भण्डारण एवं वितरण का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि बालोद जिले में खरीफ वर्ष 2025 में बीज वितरण का 23 हजार 813 क्विंटल का लक्ष्य गया था। लक्ष्य के विरुद्ध जिले में अब तक 122 सेवा सहकारी समितियों में बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड झलमला द्वारा 23 हजार 986 क्विंटल बीज का भण्डारण कर लिया गया है। जिसमें धान 23 हजार 770 क्विंटल, कोदो 60.16 क्विंटल, अरहर 18.70 क्विंटल, उड़द 10 क्विंटल जो लक्ष्य के विरुद्ध 100.37 प्रतिशत है। जिले के कृषकों द्वारा 02 जुलाई 2025 तक 23015.80 क्विंटल बीज का उठाव कर लिया गया है। इस प्रकार 96.30 प्रतिशत बीज वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष धान बीज 850.70 क्विंटल (किस्म एमटीयू 1001, एमटीयू 1010, महामाया, स्वर्णा, एम.टी.यू–1158, स्वर्णा सब 1, विक्रम टी.सी.आर.), अरहर 1.36 क्विंटल कुल 852.00 क्विंटल बीज जिले के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में रख हुआ है, साथ ही ब्रीडर सीड बीज निगम झलमला में उपलब्ध है। कृषकों द्वारा अभी भी बीज का उठाव किया जा सकता है, बीज जिले में पर्याप्त मात्र में उपलब्ध है। इसी प्रकार बालोद जिला में सेवा सहकारी समिति के माध्यम से खाद विक्रय हेतु 57821 ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तरौद के बाद रानीतराई में डायरिया का प्रकोप, हेल्थ कैंप जारी, पीएचई सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम तरौद मे डायरिया का प्रकोप कुछ हद तक नियंत्रित होने के बाद अब उससे लगे ग्राम रानीतराई मे डायरिया के मरीज मिलने की जानकारी सामने आ रही है, जिसके बाद वहां स्वास्थ विभाग ने कैंप लगाया है वहीं पीएचई विभाग के अधिकारी पहुंचकर निरीक्षण कर इस बीमारी को और फैलने से रोकने मे जुटे हुए है।

- रानीतराई में भी डायरिया के दर्जनभर से अधिक मरीज मिले

कुछ दिनो पूर्व ग्राम तरौद मे डायरिया के मरीज मिले थे, जहां डायरिया के प्रकोप के कारण एक व्यक्ति की जान भी चले जाने की बात सामने आई थी, जिसके बाद स्वास्थ विभाग द्वारा सक्रियता से उचित कदम उठाते हुए स्वास्थ कार्यक्रम व जारूकता कार्यक्रम के साथ कैम्प कर ग्राम मे फैले डायरिया रोग को नियंत्रित करने का काम किया था।

अब ग्राम तरौद से लगे ग्राम रानीतराई मे भी डायरिया के दर्जनभर से अधिक मरीज मिलने की बात सामने आ रही है, जहां पांच मरीज की हालत गंभीर होने से उन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां उनका ईलाज जारी है तथा अन्य ग्रामीण जिन्हे कुछ हद तक इसके लक्षण दिखे रहे है उनका ईलाज स्थानीय स्तर पर सावधानी बरतते हुए किया जा रहा है। ग्राम तरौद मे हुए घटना से सबक नही लिया गया, ग्रामो मे पेयजल वाले स्थानो मे स्वच्छता व दवाई का छिड़काव नही किये जाने के कारण अब उससे लगे ग्राम मे ही ऐसी बीमारी की शिकायत सामने आ रही है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोका, मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है।भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि डबरा पारा निवासी राकेश कोसले अपनी बाइक सीजी 28 क्यू 7224 में दोस्त लोकेश के साथ हथ्रखोज की ओर जा रहा था।

# खाद-बीज की कमी को लेकर किसान संघ ने निकाली रैली व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी




सोमवार को किसान संघ डोंडी द्वारा नगर में रैली निकाल निकाल कर धरना प्रदर्शन किया गया ज्ञात हो कि खरीफ फसल के लिए सोसाइटी में खाद और बीज समय पर उपलब्ध करने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कहा कि 6 जुलाई तक खाद बीज की ब्यवस्था नही होने पर 8 जुलाई को डोंडी मे चक्काजाम किया जायेगा।

तहसीलदार देवेंद्र नेताम को ज्ञापन देते किसान संघ डोंडी के गेंदलाल मानकर नंदलाल रावटे फागुराम आल्हा टेसू राम गौतम सिंह ने कहा कि इन दिनों खरीफ फसल के लिए धान की बुवाई का चल रहा है धान बोवनी के समय किसान को डीएपी खाद की जरूरत पड़ती है जो की डोंडी क्षेत्र के किसी भी सोसाइटी में कई दिनों से डीएपी नही है। इसलिए किसानों को भटकना पड़ रहा है किसानों द्वारा कई बार मांग के बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रहे हैं। समिति में खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। किसानों ने कहा कि उक्त खाद बीज की मांग को लेकर उनके द्वारा पूर्व में मांग पत्र सौपा गया था। जिस पर ध्यान नहीं दिया गया 6 जुलाई तक किसानों के लिए राहत खाद बीज की आपूर्ति सोसाइटी में नहीं होने पर 8 जुलाई को चक्का जाम करने की बात कहीं। इस मौके पर किसान जिरखु मालेकर खिलेंद्र भुआर्य बलिराम धनकर जीवनलाल निर्मलकर नोहरी भेड़िया देवली धनकर चुन्नी बाई मानकर सहित सैकड़ो की संख्या में किसान शामिल हुए।

# सीएचओ संघ की वार्षिक बैठक संपन्न, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की वार्षिक बैठक गुरुवार को बालोद जिले के कुर्मी भवन में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यों का विस्तार कर अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचना तथा संघ के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा विशेष रूप से आमंत्रित थे। दोनों अतिथियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को कार्य के प्रति प्रेरित किया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उपस्थित अधिकारियों ने समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनकर त्वरित निदान के भी आश्वासन दिए गए।

संघ के जिला अध्यक्ष दिव्या जगनायक ने बताया कि यह बैठक प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं का समाधान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा मिल सके।

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल पाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराया तथा शीघ्र समाधान हेतु निवेदन किया। बैठक के अंत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में राज्य एवं जिले के प्रमुख पदाधिकारीयो में कोषाध्यक्ष सोहन कुंभकार, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवानंद रात्रे, संरक्षक रविंद्र तिवारी एवं जिला अध्यक्ष रमेश सोनबोइर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अन्य सदस्य तथा जिले के लगभग 150 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में सभी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा एवं सहमति बनी, जिससे आने वाले समय में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

**बीज निगम के अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की**

# निष्ठा व सेवा से जीवन में प्रसिद्धि और समृद्धि मिलती है : चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर के बालोद जिले के प्रथम दौरे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें चंद्रहास चंद्राकर ने बालोद जिले से अपने पुराने जुड़ाव को साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन और जनसेवा में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिना अपेक्षा के सेवा करने से प्रसिद्धि और समृद्धि स्वतः प्राप्त होती है।

इसके पश्चात वे परेंगुड़ा में आयोजित किसान संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए गामा रिएक्टर प्लांट जैसी आधुनिक तकनीकों को जल्द लागू किया जाएगा। बीज निगम से जुड़ी समस्याओं को भी गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालते ही नोटशीट जारी की जा चुकी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को अधिक मुनाफा दिलाने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्षगण कृष्णकांत पवार, लेखराम साहू, भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव, त्रिलोकी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, मुकेश कौड़ो, प्रदेश महामंत्री (अल्पसंख्यक मोर्चा) शाहिद खान, मनोहर नाहटा, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला मंत्री शरद ठाकुर, राजेश दशोड़े, लोकेश श्रीवास्तव, प्रेम साहू,अरुण साहू, रामेश्वर साहू, कृतिका साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोहारा रुपेश सिन्हा, सतानंद साहू, संतोष कौशिक, गिरजेश गुप्ता, पालक ठाकुर, बंशी साहू, पुष्पा साहू, आशा पटेल, सुनिता मनहर, दुर्जन सिंह साहू, संजू मानकर, रवि प्रकाश पांडे, कमल बजाज, विनोद गिरि गोस्वामी, प्रीति बाला साहू, छवि सार्वा, नीता साहू, सौरभ जैन, भुनेश्वर यादव, मनोहर साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा पर एसडीएम ने व्यापारियों की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी बालोद नूतन कंवर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद के सभाकक्ष में आज सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु राजस्व, पुलिस एवं खाद विभाग के अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन एवं व्यापारी संघ के अध्यक्षों की बैठक ली। बैठक में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, तहसीलदार एवं अतिरिक्त तहसीलदारों के अलावा पेट्रोल पंप संचालकों, व्यापारी संघ एवं ट्रक परिवहन संघ के अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम कंवर ने व्यापारी संघ के अध्यक्ष को सड़क किनारें दुकानों के बाहर सामान नही ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### 7 हजार नकद व सट्टापट्टी जब्त और एक गिरफ्तार



**बालोद।** छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत भेड़िया कॉलोनी के पास डौण्डीलोहारा मे वार्ड नंबर 9 राजापारा थाना डौंडीलोहारा जिला बालोद निवासी आरोपी उमेश्वर निषाद पिता स्वर्गएँय अशोक निषाद 44 वर्ष को सट्टा पट्टी के सांथ गिरफ्तार किया गया। जिसमे आरोपी द्वारा लाइनिंग दार कागज के पन्नों में विभिन्न अंकों के सामने रूप में पैसों का हार जीत का दांव लगाकर सट्टा नामक जुआ खेला रहा था, जहां पुलिस ने पहुंचकर कार्यवाही की। जिसमे आरोपी के कब्जे से एक कीपैड मोबाइल, दो नग सट्टा पट्टी पचएँ, एक नग डॉट पेन व नगदी रकम 7650 रूपये जब्त किया गया।

### फांसी लगा अधेड़ ने की आत्महत्या, मर्ग कायम

**डौंडीलोहारा।** संजारी चौकी के ग्राम खेरथाबाजार के रामनगर पारा में मंगलवार को शाम लगभग छः बजे ग्राम के ही राजेन्द्र कुमार ठाकुर 48 वर्ष ने अपने घर पर ही फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि घटना के समय वह घर पर अकेला ही था। आत्महत्या का कारण अज्ञात है प्रार्थी टीकम सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### खाद-बीज की कमी पर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**गुरूर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर के तत्वाधान में किसानों को होने वाली रासायनिक खाद एवं बीज की समस्या को लेकर आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पलारी के पास 11 बजे रखा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू ने बताया कार्यक्रम में बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### क्रांतिकारी सुखदेव की पुण्यतिथि कल मनाएंगे

**अंडा।** महान क्रांतिकारी सुखदेव राज की 52 वीं पुण्य तिथि पर 5 जुलाई को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है, इस कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि - सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल , अध्यक्ष - विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विशेष अतिथि - विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवडा, प्रदेश अध्यक्ष - भा. रा. पें. महासंघ छ. ग. वीरेन्द्र नामदेव, वक्ता - साहित्यकार एवं समाज सेवी, दुर्ग गुलबीर सिंह भाटिया, से नि प्राचार्य - ग्राम अंडा दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर, से नि प्रधान पाठक - ग्राम अंडा जयराम चंद्राकर, कार्यक्रम शनिवार 5 जुलाई 2025 दोपहर 12.00 बजे प्रतिमा पर माल्यार्पण 12.30 बजे मंचीय कार्यक्रम शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण ग्राम अंडा में रखा गया है।

### सशिमं मुक्त आश्राम में गाइड लाइन कैरियर कार्यक्रम कल

**बालोद।** शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ के तत्वावधान में कैरियर गाइडलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं को भविष्य की दिशा में सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में करियर गाइडलाइन कार्यक्रम का आयोजन 5 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर, मुक्त आश्रम, हथोद में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से विद्यार्थियों, युवा खिलाड़ियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को ध्यान में रखकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

# युक्तियुक्तकरण आदेश के खिलाफ कोर्ट जाने वाले 140 शिक्षकों की सुनवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युक्तियुक्तकरण आदेश के विरोध में हाईकोर्ट जाने वाले शिक्षकों की सुनवाई कलेक्टर ने बुधवार को शुरू कर दी। पहले दिन 35 शिक्षकों की सुनवाई की गई। अकेले दुर्ग जिले से 140 शिक्षकों की सुनवाई हो रही है जो हाईकोर्ट गए हैं। युक्तियुक्तकरण में पद छिपाने सहित अनेक विसंगतियों को लेकर शिक्षक साझा मंच ने एक दिन पहले यानी मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन किया था। शिक्षक कोर्ट चले गए हैं और स्कूल नहीं जा रहे हैं। जिसकी वजह से सरकारी स्कूलों में पढ़ाई ठप हो गया है।

## शिकायतों के आधार पर सुनवाई

हाईकोर्ट जाने वाले शिक्षकों का आरोप हैं कि उनके साथ न्याय नहीं किया गया। कहीं पद छिपा लिए गए तो कहीं अपनों को बचाने के लिए जानबूझकर शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया। दिव्यांग होने के बाद भी इसका फायदा नहीं मिला। इस तरह की शिकायतों को लेकर शिक्षकों पहले कलेक्टर में शिकायत की थी। यहां से कोई सुनवाई नहीं हुई तब हाईकोर्ट में चले गए। कलेक्ट्रेट में ऐसी ही शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

## दुर्ग कलेक्टोरेट में पहले दिन 35 शिक्षकों की सुनवाई

### शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई हो रही है प्रभावित

युक्तियुक्तकरण आदेश के बाद भी स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। इसलिए कि आदेश के खिलाफ शिक्षक कोर्ट गए हैं और जब तक निराकरण नहीं होगा स्कूल नहीं आएंगे। स्कूल खुले 17 दिन हो गए हैं और बच्चों की पढ़ाई बिना शिक्षकों की प्रभावित हो रही है। मौजूदाहालात में इस साल बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्कूलों में छुट्टी जैसा महौल है। आगे चलकर रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा। पालक भी अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित हैं।



**सुनवाई जारी**

जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण आदेश को लेकर कोर्ट गए हैं उनकी कलेक्ट्रोरेट में सुनवाई शुरू की गई है। शिक्षकों का पक्ष सुना जा रहा है। ताकि सभी पक्ष संतुष्ट हो सके। **-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

### युक्तियुक्तकरण पर इस तरह चला खेला

1. सेजेस हिन्दी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल पेण्ड्रावन धमधा की व्याख्याता द्वय प्रीति राजपूत (वाणिज्य) एवं सुनैना शर्मा (अंग्रेजी) का गत वर्ष डी पी आई से स्थानांतरण हायर सेकेंडरी स्कूल लिटिया तथा हाईस्कूल मोहलई हुआ था परन्तु आज पर्यंत तक पेन्ड्रावन से कार्यमुक्त हुए ही नहीं और वही कार्यरत है। वेतन आहरण क्रमशः धमधा एवं मोहलई से आहरित हो रहा है। जो यह प्रमाणित करता है की ये पेण्ड्रावन के कर्मचारी नहीं है।

2. डीईओ कार्यालय के सलग्न सेजस जे आर डी स्कुल दुर्ग में व्याख्याता मंजित सिंह जो प्रभारी प्राचार्य विनायकपुर है व्या ख्याता लखन लाल साहू जो प्रभारी प्राचार्य मोहलई हैं। व्याख्याता रश्मि साहू सेजेस दीपक नगर में सेवा दे रही है जबकि इन तीनों व्याख्याताओ का वेतन भुगतान सेजेस जे आरडी दुर्ग से हो रहा है और अतिशेष की गणना से मुक्त रखा गया है।

3. सविता शर्मा व्याख्याता निकुम में पदस्थ हैं जिनका अध्यापन व्यवस्था केप 1 भिलाई में है। शासकीय चंद्रशेखर शेखर आजाद उ.मा.वि दुर्ग में ऐसे ही पाँच व्याख्याता अलग अलग शालाओं से विगत 4 से 5 वर्षों से संलग्न है।जबकि इनकी जानकारी या वेतन अन्यत्र शाला से होता है। नलिनी वर्मा वेतन व्यवस्था एवं जानकारी हायर से स्कूल बेलौदी से, जया कश्यप - आदर्श कन्या दुर्ग ,जागृति साहू-तिलक कन्या दुर्ग नीलम सेन-उरला दुर्ग ,सुनीता अग्रवाल-तेलीगुंडरा पाटन।

## खबर संक्षेप



### मर्चेंट मिल के कर्मियों को कर्म शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स ज़ोन–1 के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर राड मिल विभाग द्वारा कर्म शिरोमणि पुरस्कार" वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम मुनीश कुमार गोयल थे। मर्चेंट मिल विभाग के रविकांत महाजन, तिलक राज,दीपेश कुमार विष्वास, केबी रोशन, मोहन लाल सिन्हा व अश्विनी कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं वायर राड मिल विभाग से समी उल्लाह, गैंद लाल ठाकुर, रमेश कुमार, जागेश्वर सिंह ठाकुर, भागीरथी सिह व वी. रामचंद्र राव को "कर्म शिरोमणि" सम्मान प्रदान किया गया।

### पखवाड़ेभर में ग्रेच्युटी का सौंपा जाएगा चेक

**दुर्ग।** वित्त लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने अपने एमआईसी भवन के कक्ष में विभाग समिति की बैठक में लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने समिति के सदस्यों व अधिकारियों के साथ प्रभारी श्री बंजारे ने उपादान की राशि की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा की उपादान राशि को लेकर सूची का अवलोकन किया। उन्होंने सूची जांच करने के बाद अधिकारी से कहाँ सूची अंतर्गत जितने भी नाम दर्ज है, सभी का जल्द उपादान की राशि किस्तों में भुगतान करें।

## पढ़ाई प्रभावित : किताबों में बार कोड स्केनिंग बनी मुसीबत

# जिले के 833 स्कूलों में नहीं बंटी किताबें, केवल 304 में स्केनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

किताबों की बार कोड स्केनिंग ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से शुरू हो गया है। यानी 17 दिन हो गए लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए किताबें नहीं मिल पाई है। दुर्ग जिले में सरकार की नि:शुल्क पुस्तक वितरण योजना का हाल यह है कि 1137 स्कूल हैं जिसमें से 833 स्कूलों में किताबें नहीं बट पाई है। केवल 304 स्कूल ऐसे हैं जहां की किताबों की स्केनिंग की जा सकी है।

## स्कूल खुलने के 17 दिनों बाद भी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए नहीं मिल पाई है किताबें

### शिक्षकों की बार कोड स्केन करने में छूट रहा पसीना

इस बार शासन ने हर किताबों पर बार कोड छपवाया है। इस बार कोड में हर किताबों की स्केनिंग करने के बाद ही विद्यार्थियों को वितरण करने का आदेश है। मोबाइल से लाखों किताबों की बार कोड स्केनिंग करने में शिक्षकों के पसीने छूट रहे हैं। स्केनिंग करने के बाद ही बच्चों को किताबें वितरण करना है। जिसकी वजह से जहां किताबें आ गई है लेकिन

### जिले में अब तक नहीं पहुंची 4 लाख से ज्यादा किताबें

जिले के 177 संकुल हैं। इन संकुलों में 103245 विद्यार्थियों को सरकारी किताबें दी जानी है। जिसके लिए 598406 किताबें इन संकुलों में राज्य से भेजी जानी है। वर्तमान में केवल 195315 किताबें ही राज्य से संकुलों में पहुंचाई गई है। यानी अब भी 403091 किताबें नहीं पहुंची है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है।



### 17 दिनों से पढ़ाई हो गई है ठप

स्कूल खुलने के बाद 17 दिनों से पढ़ाई ठप है। विद्यार्थी बताते हैं कि वे स्कूल आ रहे हैं लेकिन किताब नहीं होने की वजह से पढ़ाई ही नहीं हो पा रही है। पुस्तकें कब तक मिलेगी इसकी भी जानकारी शिक्षक नहीं दे पा रहे हैं। शिक्षक क्लास में आते हैं और औपचारिकताएं पूरी कर चले जाते हैं। ऐसे में कोर्स भी पिछड़ेगा और रिजल्ट भी प्रभावित होगा।

### निर्देश का पालन

पुस्तकें राज्य से संकुलों में सीधे पहुंच रही है। राज्य के निर्देश हैं कि किताबों में बार कोड की स्केनिंग के बिना बच्चों को पुस्तकें नहीं बांटी जाए। निर्देश का पालन कर रहे हैं।
**-गौरा शुक्ला,** नोडल अधिकारी पुस्तक वितरण दुर्ग

### पाटन ब्लॉक में मात्र 34 स्कूलों में स्केनिंग की जा चुकी

दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में 342 स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें बांटी जानी है। हाल यह है कि यहां केवल 34 स्कूलों की किताबें ही स्केनिंग हो पाई है। यानी 299 स्कूलों में किताबों की स्केनिंग नहीं हो पाई है। यहां 31326 किताबें पहुंचाई गई है।

### दुर्ग ब्लॉक में 265 स्कूलों में अब तक स्केनिंग नहीं

जिले के दुर्ग ब्लॉक में 446 स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें वितरण होना है। यहां भी स्थिति बेहद दयनीय है। सबसे बड़े इस ब्लॉक में 181 स्कूलों में किताबों की स्केनिंग हो पाई है। अब भी 265 स्कूल ऐसे हैं जहां किताबों की स्केनिंग नहीं हो पाई है।

### धमधा ब्लॉक में 49 स्कूलों में दिक्कत अब भी बरकरार

जिले के धमधा ब्लॉक में 329 स्कूल के विद्यार्थियों को किताबें बांटी जाएगी। वर्तमान में इस ब्लॉक में 280 स्कूलों में किताबें स्केनिंग की जा चुकी है। यहां 49 स्कूल ऐसे हैं जहां किताबों की स्केनिंग नहीं की जा सकी है। जिसकी वजह से किताब वितरण प्रभावित है।

# भारी पड़ सकती है बीएसपी के विस्तार व आधुनिकीकरण परियोजना में लेटलतीफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- प्रभावित होगा सेल का उत्पादन लक्ष्य
- लागत भी बढ़ जाएगी और कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ेगा असर

सेल के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र की विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट) -2 में लेटलतीफी बीएसपी सहित सेल को भारी पड़ सकती हैं। लगभग 25 हजार करोड़ का का यह प्रोजेक्ट पिछले तीन साल से लंबित है। विलंब से कंपनी को उत्पादन लक्ष्य सहित कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

बीएसपी के पिछले एक्सपांशन प्रोजेक्ट-1 की तरह प्रोजेक्ट 2 में भी विलंब हो रहा है। बीएसपी के विस्तार की जिस परियोजना को पूर्णता की ओर होना था,वह अब तक शुरु ही नहीं हो सकी है। रशियन तकनीक से बने पैंसठ साल पुराने हो चुके बीएसपी के आधुनीकीकरण के लिए वर्ष 2017 में एक्सपांशन प्रोजेक्ट पूर्ण होने के बाद करीबन आधा प्लांट आधुनिक हो चुका है। इससे प्लांट की स्टील उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन से बढ़कर 7 मिलियन टन हो गयी है। आगे 10 मिलियन टन उत्पादन लक्ष्य के लिए एक्सपांशन प्रोजेक्ट -2 को वर्ष 2022 में शुरु किए जाने की योजना थी लेकिन यह अब तक शुरु नहीं हो पाया है। विलंब का असर बीएसपी व सेल सहित कर्मियों की सुविधाओं पर भी पड़ेगा। यूनियन सूत्रों के मुताबिक बीएसपी के विस्तार योजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट में लगातार विलंब से उत्पादन लागत बढ़ रही है। इसका असर कर्मियों की वित्तीय सुविधाओं पर पड़ सकता है वहीं बीएसपी के 10 मिलियन टन और वर्ष 2031 में सेल के 30 मिलिटन टन उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ण करने में मुश्किल होगी। इससे घरेलू व वैश्विक बाजार में सेल के आर्डर व डिमांड प्रभावित होंगे। प्रतिस्पर्धी निजी कंपनियां आर्डर झटक ले जाएंगी। फिर बीएसपी में अनुभवी कर्मियों व टेक्नोक्रेट के रिटायर होने से इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

### नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट में यह

नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट के पूर्ण होने से पूरे बीएसपी के बचे हिस्से आधुनिकीकरण पूर्ण हो जाएगा। उत्पादन क्षमता भी बढ़ जाएगी। नए प्रोजेक्ट के तहत आधा दर्जन नई यूनिटों का निर्माण होगा। इसके तहत साढ़े तीन मिलियन टन व साढ़े तीन मिलियन टन क्षमता के दो ब्लास्ट फर्नेस बनना है। नया स्टील मेल्टिंग शांप (एसएमएस) और कोको ओवंस बैटरी-12 व नई यूनिवर्सल रेल मिल बनना है।

### पिछला प्रोजेक्ट भी हुआ लेट

बीएसपी का पिछला प्रोजेक्ट भी विलंब से पूर्ण हुआ था। तत्कालीन इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में शुरु हुआ यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी के दबाव के बाद वर्ष 2016-17 में पूर्ण हो सकता था। इसकी उत्पादन लागत बढ़ जाने का असर कर्मियों की सुविधाओं में कटौती के रुप में हुआ था। पिछले प्रोजेक्ट के तहत यूनिवर्सल रेल मिल(यूआरएम), महामाया ब्लास्ट फर्नेस,आरएमपी -3, बीआरएम व एसएमएस-3 का निर्माण किया गया था। इसके पूर्ण हो जाने से बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 एमएल से बढ़कर 7 मिलियन टन हो गई।

# आचार्य वृंदों के अछोली में मंगल प्रवेश किया स्वागत

**डौंडीलोहारा।** आचार्य भगवन श्रीरामलाल जी मसा एवं उपाध्याय प्रवर श्रीराजेशमुनि जी मसा की सुशिष्या विदुषी महासती पर्याय ज्येष्ठा श्रीविवेकशीला श्रीजी मसा शासन दीपिका श्रीसुयशप्रज्ञा श्रीजी एवं सेवा भावी श्रीदिक्षिताश्रीजी मसा का चातुर्मास हेतु ग्राम अछोली में बुधवार को दोपहर बाद मंगलप्रवेश हुआ। जैन समाज के लोगों ने ग्राम की सीमा से साध्वीवृन्द की अगुवानी की व पद विहार में साथ चलते हुए ग्राम के जैन स्थानक भवन तक लेकर आए।महासती वृन्द स्थानक भवन में विराजमान हैं।उल्लेखनीय है कि ग्राम अछोली देवरी संबलपुर के जैन संघ ने संयुक्त रूप से चातुर्मास हेतु आचार्य भगवन के समक्ष विनती प्रस्तुत की थी।जिसे आचार्य भगवन ने सहर्ष स्वीकार करते हुए चातुर्मास हेतु स्वीकृति प्रदान की थी।छोटे से ग्राम में जैन साध्वियों के चातुर्मास के स्वीकृति के बाद से ही जैन समाज सहित जैनेत्तर बंधुओं में भी हर्ष का माहौल बना हुआ था।उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई से चातुर्मास काल प्रारंभ हो रहा है।साध्वीवृन्द के सानिध्य में प्रतिदिन प्रार्थना प्रवचन धार्मिक क्लास सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधि होंगी।जैन समाज के लोगों ने बताया कि जैन साधु साध्वी चातुर्मास के चार महीने एक ही स्थान पर रहकर साधना आराधना करते हैं।बाकी के आठ महीने ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए धर्म की अलख जगाने का कार्य करते हैं।

# आवारा मवेशियों से यातायात समस्या बढ़ी पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर पंचायत बनने के बाद भी नगरवासी व राहगीर को आवारा मवेशियो के बढ़ते आंतक से निजात नही मिल पा रही है। नगर मे आज भी आवारा मवेशी का आंतक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है।

नगर के प्रमुख चौक–चौराहों और सड़कों पर आवारा पशुओं से आमजन परेशान है, आवारा मवेशी से यातायात बाधित हो रहा है, कई बार दुर्घटना तक हो जाती है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन समस्या से लोगो को निजात नही दिला पा रही है, सिर्फ कागजो पर ही कार्रवाई हो रही। इन बढ़ते आवारा पशुओं के नियंत्रित के लिए नगर पंचायत कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है, नगर के प्रमुख धमतरी चौक बस स्टैंड बाजार स्थल व अन्य जगहो पर आवारा पशुओं का झुंड देखा जा सकता है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है, कई बार तो आवारा मवेशी राहगीरो की बाइक के डिक्की मे रखे कीमती घरेलु समान को निकाल कर पलभर मे चट कर देते है, जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है, सबसे ज्यादा धमतरी चौक बस स्टैंड व बाजार स्थल पर आवारा मवेशी देखे जा सकते है।

इस मार्ग मे दिनभर अधिकारी व नेताओ का आना जाना लगा रहता है फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नही है। जिस दिन किसी बड़े नेता का दौरा रहता है उस दिन ही कुछ समय के लिए सड़क से मवेशी को भगाते है, बाकी दिन स्थिति जस की तस रहती है। नगर पंचायत को चाहिए की तत्काल आवारा मवेशियो से छुटकारा दिलाकर आमजन को सुविधा दे।

## 2017 से नहीं मिला तीसरा मानदेय, नाराज बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** बीएसएनएलईयू के केन्द्रीय मुख्यालय ने देशभर में अपने विभिन्न मांगों को हासिल करने के लिए प्रदर्शन का निर्देश दिया। इसे लेकर बुधवार को बीएसएनएल के मेनगेट में कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन और नारेबाजी की। सर्किल सेक्रेटरी आरएस भट्ट ने कर्मचारियों की प्रमुख मांग में 2017 से देय तीसरा वेतनमान है। सरकार बीएसएनएल को घाटे में होने के कारण नहीं देने की बात लोकसभा और राज्यसभा में कही है। लेकिन सरकार घाटे वाली सार्वजनिक कंपनी आईटीआई के कर्मचारियों को नया वेतनमान दिया है। इस दोहरा मापदंड को बीएसएनएल कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## पेज 11 के शेष

### 122 सोसाइटियों में खाद-बीज ..

मेट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारण किया गया था, जिसके विरुद्ध 33443 मेट्रिक टन खाद (यूरिया, डी.ए.पी, पोटाश, एन.पी.के. सिंगल सुपर फास्फेट, 12:32:16, नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी. आदि) का लक्ष्य के विरुद्ध 58 प्रतिशत भण्डारण किया जा चुका है। भण्डारित उर्वरकों में से अब तक 28260 मेट्रिक टन खाद का 65 प्रतिशत उठाव सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण किया जा चुका है। 03 जुलाई की स्थिति में जिले के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में 5183 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। उपसंचालक कृषि ने कृषकों से अपील की है कि वे डी.ए.पी. की विकल्प के रुप में सुपर फास्फेट, एन.पी.के. 12:32:10, 20:20:13, 28:28:0, धान फसल हेतु अनुशंसित मात्र का उपयोग कर फसलों का गुणवत्तायुक्त उत्पादन ले सकते है।

### सड़क सुरक्षा पर ...

रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में सड़कों पर घुमंतु मवेशियों के विचरण के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर भी चर्चा की गई। कंवर ने अधिकारियों को घुमन्तु मवेशियों को सड़क पर विचरण करने से रोकने हेतु कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्हें पेट्रोल पंप परिसर में आम नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने वाले बैनर एवं पोस्टर लगाने के निर्देश भी दिए।

### सशिमं मुक्त आश्राम में ...

आयोजित किया गया है, जिससे वे सही दिशा में अपना करियर निर्माण कर सकें। हॉकी संघ जिला अध्यक्ष तोमन साहू एवं शबरी स्पोर्ट्स क्लब अध्यक्ष मिथलेश तारम ने बताया कि यह आयोजन बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। उनका मानना है कि आज की पीढ़ी को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, खेल और करियर मार्गदर्शन की भी उतनी ही आवश्यकता है तथा इससे बच्चों की करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेशन्स, खेल (विशेषकर हॉकी) में करियर की संभावनाओं पर चर्चा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु रणनीति,जीवन में लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन पर

## भिलाई निगम वाहन शाखा प्रभारी के बैठक को लेकर बवाल

# प्रभारी : बिजली और स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार कर रहे निगम के वाहनों का मुफ्त उपयोग, निगमः ऐसा इस्तेमाल नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम में मंगलवार को एमआईसी मेंबर व वाहन शाखा प्रभारी लालचंद वर्मा की बैठक को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। प्रभारी लालचंद वर्मा ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह साफ किया था कि निगम के बिजली और स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए निगम द्वारा उन्हे मुफ्त में जेसीबी, डंपर, डीजल और ड्राइवर तक मुहैया करवाया जा रहा है। इससे निगम को आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इधर बुधवार को निगम ने इसका खंडन जारी किया है। निगम के हिसाब से वस्तु स्थिति यह है कि नगर निगम भिलाई में ठेका सफाई कार्य हेतु अनुबंधित एजेंसी को निगम द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले संसाधनों (मिनी टिप्पर, ई-रिक्शा, ट्रेक्टर ट्राली, मेनुवल रिक्शा, हैण्ड ट्राली) का किराया ठेकेदार के देयक से कटौती की जाती है। जे.सी.बी, डम्पर और ड्राइवर ठेकेदार द्वारा किराये के वाहन लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाता है। सफाई कार्य में निगम की जेसी.बी. एवं डम्पर का उपयोग नहीं किया जाता है। अनुबंध शर्तो के अनुसार यदि निविदाकार को जे.सी.बी, डम्पर आवश्यकता पड़ने पर निगम से लिए जाने तथा नियमानुसार देयक से किराया कटौती किये जाने का प्रावधान है। यदि इसका उपयोग होने की दशा में निगम अनुबंध शर्तो के अनुसार निविदाकार को उपलब्ध कराकर किराये की राशि वसूली किये जाने की कार्यवाही करने के लिए सक्षम है। निविदाकार के अनुबंध में सी.एण्ड.डी मटेरियल उठाने एवं परिवहन करने का कार्य एवं सेक्शन युनिट मशीन, जेटिंग मशीन से संबंधित कार्य अनुबंध में नहीं होने से जोन कार्यालय के माध्यम से निगम की जेसीबी, डम्पर, सेक्शन युनिट मशीन, जेटिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। इसी तरह बिजली कार्य के लिए उपयोग में आने वाले संसाधन जैसे-एलिवेटर जो निगम में उपलब्ध है। निविदाकार अनुबंध शर्तो में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार निगम से प्राप्त कर उपयोग कर सकता है। जिसका नियमानुसार राशि निगम में जमा करने के प्रावधान अनुबंध शर्तो के अंतर्गत है। जिसका पालन नियमानुसार निविदाकार द्वारा किया जा रहा है।

### जांच का विषय

निगम की किसी भी वाहन को ठेकेदार इस्तेमाल करता है तो नियम व शर्तो के अनुबंध के हिसाब से निर्धारित किराया निगम को देना होता है। ईंधन व्यय स्वयं का होगा। विद्युत और स्वास्थ्य विभाग में भी इसी के तहत ठेका दिया गया है। यदि कोई गड़बड़ी है तो यह जांच का विषय है।
**-नीरज पाल,** महापौर

### आयुक्त ने नहीं किया स्पष्ट, संशय बरकरार

हरिभूमि ने एमआईसी मेंबर व वाहन शाखा प्रभारी लालचंद वर्मा की जारी विज्ञप्ति पर निगम का पक्ष जानने के लिए निगम आयुक्त राजीव पांडेय के मोबाइल नंबर 9425649105 पर दो बार फोन किया। उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। उसके बाद आयुक्त के वाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजकर जानकारी मांगी गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था। इधर लालचंद वर्मा से भी मोबाइल पर निगम द्वारा बुधवार को खंडन वाली जारी विज्ञप्ति पर बयान लेना चाहा तो उनका नंबर स्वीच ऑफ आया।

खबर संक्षेप



## पूर्व सरपंच ने 15वीं बार किया रक्तदान

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही मुख्यालय के ग्राम पंचायत कलंगपुर में पूर्व सरपंच गोविन्द राम सिन्हा ने अपनी 43 वें जन्म दिवस पूर्ण होने पर जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचकर एक जरूरतमंद गर्भवती महिला मरीज को रक्तदान किया। विदित हो कि गोविन्द राम सिन्हा ग्राम पंचायत कलंगपुर की वर्तमान सरपंच पुष्पा सिन्हा के पति है, वे स्वयं सरपंच रह चुके है और लगातार तीसरी बार सरपंच पद पर गांव की सेवा व ग्राम का विकास कार्य कर रहे है। उनकी पत्नी व वर्तमान सरपंच पुष्पा सिन्हा भी अपने पति से प्रेरित होकर एक बार रक्तदान कर चुकी है और भविष्य में भी रक्तदान करने के लिए संकल्पित है। गोविन्द राम सिन्हा ने रायपुर, धमतरी, दुर्ग, बालोद, राजनादगांव व बिलासपुर तक पहुंचकर जरूरतमंद मरीजों को अब तक 15 वीं बार रक्तदान कर चुके है। उन्होंने युवा साथियों को प्रेरित करते हुए आव्हान किया है कि रक्तदान करके अपने जीवन को सार्थक बनाये और जरूरतमन्द लोगों का साथ दें।

## डा. भूपत ने 20वीं बार किया रक्तदान



**बालोद।** डॉ भूपत साहू द्वारा 20वीं बार रक्तदान किया गया। इसके पहले उन्होने 19 बार जरूरतमंदो का मद करते हुए रक्तदान कर उनकी जान बचाई थी। उन्होने कहा कि रक्तदान करने से दूसरो की जान बचाई जा सकती है तथा इसे हमारे शरीर मे कोई हानि नही होती है। इसलिए लोगो को रक्तदान करने से घबराना नही चाहिए व बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। खासकर युवाओ को सामने आकर रक्तदान जरूर करना चाहिए।

## जल संरक्षण पर दी पेंटिंग्स बना छात्रों को प्रेरणा दी



**बालोद।** पर्यावरण प्रेमी विरेन्द्र सिंह बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति लगाव पैदा करने के उद्देश से कपड़े में पौधारोपण, और जल संरक्षण का पेंटिंग्स बनाकर स्कूलों, कालेजों में जा कर पौधारोपण और जल संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे है। उन्होने कहा वे खासकर स्कूली बच्चो में पेंटिंग को देखकर जिज्ञासा बना हुआ है, सड़क मे मुझे खड़ा देख शाला आते जाते समय बच्चे देखते है, इसे देखकर जरुर उनके कोमल मन में पौधा रोपित करने का मन होगा।

## राजेन्द्र पार्क से आईएमए चौक और धमधा मार्ग से बनेगी फोरलेन सड़क

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत शहर में 25 करोड रूपए की लागत से दो बडे फोरलेन सडक का निर्माण होगा। इस चौडीकरण योजना का डीपीआर बनाकर नगरनिगम ने राज्य शासन को भेज दिया है। इस प्रस्ताव में राजेन्द्र पार्क से शहीद चौक और शहीद चौक से आईएमए चौक तक फोरलेन सडक बनेगी, वही दूसरी तरफ धमधा मार्ग से आदित्य नगर होकर रायपुर अंडरब्रिज की ओर हनुमान नगर तक चौडीकरण किया जाएगा। राज्य शासन से प्रस्ताव की स्वीकृति मिलने के बाद दोनो कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत प्रदेश के निकायों को फंड उपलब्ध करा रही है। इस योजना से शहर में बढते यातायात दबाव को कम करने में राहत मिलेगी।

शिविर

लाभ संतृप्ति शिविर में कई समस्याओं का समाधान

# धरती आबा अभियान से ग्रामीणों को मिला लाभ शिविर में बनाए गए राशन व आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरडीगी एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुआगोंदी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को एक स्थान पर ही कई समस्याओं का समाधान हुआ। इन दोनों गांव में आयोजित शिविरों में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरडीगी में गुरुवार को आयोजित शिविर में प्रियंका नागवंशी, दामिनी, रजुला, भोजबती, गितांशी का आयुष्मान कार्ड बनने से आयुष्मान कार्ड की सौगात मिलने पर केन्द्र सरकार के द्वारा उनके गांव में आयोजित इस लाभ संतृप्ति शिविर की सराहना की है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम खैरडीगी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 05 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड तथा 01 हितग्राही को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित आदिवासी वर्ग के 04 हितग्राहियों का सिकलिन जांच के अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुआगोंदी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 03 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, 07 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 14 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं 03 हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। राशन कार्ड पाकर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अब उन्हें भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत निःशुल्क राशन मिलेगा। जिससे उनके दैनिक जीवन में उन्हें काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में उन्हें कई प्रकार की योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ वे जरूर लेंगे। इसके अलावा शिविर में पहुचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा शविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार शुक्रवार 04 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा में शिविर का आयोजन किया गया है।

### चिखली में धरती आबा शिविर से ग्रामीणों को बड़ी राहत





**डौंडी।** डौंडी विकासखंड के ग्राम चिखली में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ने ग्रामीणों के चेहरे पर खुशियां ला दीं। विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से लोगों ने राहत की सांस शिविर में शामिल हितग्राहियों ने बताया कि अब उन्हें योजनाओं के लाभ के लिए जिला या विकासखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, सामाजिक पेंशन, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ सीधे गांव में मिलने से वे बेहद संतुष्ट हैं। बोहारडीह के हितग्राहियों यतीश, राजू, पूनम, नीरज और दिव्या ने बताया कि वे लंबे समय से आयुष्मान कार्ड बनवाना चाह रहे थे, लेकिन व्यस्तता के कारण ग्राहक सेवा केंद्र नहीं पहुंच पा रहे थे। शिविर में कार्ड बनने से अब उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। हसीना नेताम का जनधन खाता खुलने से उन्हें बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

विकासखंड डौंडी में विकासखंड रेडक्रॉस सोसायटी के ओर से डौंडी वनांचल क्षेत्र में अपनी बहूमुल्य सेवा प्रदान कर रहे समस्त चिकित्सकों का राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सम्मान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी में अपनी सेवा प्रदान कर रहे है।

चिकित्सक को विकासखंड रेडक्रॉस प्रभारी संजय बंजारे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवारत समस्त नर्स एवं स्टाफ के साथ मिलकर थीम सेलिब्रेरिटिंग रेजिलिएंस एंड हीलींग हैंडस पर डॉक्टर्स डे पर सभी डॉक्टर्स विकासखंड चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर्स विजय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर, डॉक्टर अनुराग अमित रस्तोगी, डॉक्टर हिमांशु बंजारी, डॉक्टर नागेश रावटे, रश्मि ठाकुर, डॉक्टर दीशा तिवारी, डॉक्टर रश्मि बंजारी सभी के लिए केक काटकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं चाकलेट बिस्कीट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस प्रभारी संजय बंजारे ने सभी डॉक्टर्स के लिए कहा कि वे बिना रुके, बिना थके जिस निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहे हैं इसके लिए उनके सेवा और समर्पण को सलाम करते हैं। सभी नर्स एवं स्टाफ ने कहा कि डॉक्टर्स की पेशा बहुत ही चुनौतीपूर्ण है, हर आपदा या मुश्किल समय डॉक्टर दिन हो या रात हर समय पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से लोगों के कल्याण में जुटे रहते हैं। हम सभी डॉक्टर्स को हृदय से आभार और धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी से रचनानंद, नीलिमा टोप्पो, विमल, धनेश्वरी सहारे,स्मिता साहु, डोमन साहु कार्यलयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## साहसिक शिविर में बालोद का परचम स्काउटर मिलन सिन्हा ने बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्राकृतिक अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन, एडवेंचर हाईक का आयोजन 24 जून से 03 जुलाई तक मनाली , शिमला में आयोजित किया गया था। जिसमें बालोद जिला से स्काउटर मिलन सिन्हा ने आयोजित शिविर में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डी ओ सी स्काउट नेम सिंह साहू के मार्गदर्शन में बालोद जिला का प्रतिनिधित्व किया।

जिसमें साहसिक गतिविधि में बैलेंसिंग अनलॉक, कमांडो ब्रिज, बंबी जंपिंग, ऐडवेंचर की साहसिक गतिविधि में भागीदारी किए। मनाली ट्रेकिंग में परसा फाल, हिडिंबा टेंपल, जोगनी फाल, रोहतांग दर्रा, सोलंग वैली, अटल टनल तथा शिमला में जाखू टेंपल, काली टेंपल, में ट्रेकिंग कर विभिन्न स्थलों का ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक अध्ययन किए। शिविर में रात्रि में कैंप फायर में बालोद जिला का प्रतिनिधित्व किया।

जिसमें छत्तीसगढ़ी गाने में सामूहिक नृत्य ने सबका मन मोह लिया। स्काउटर मिलन सिन्हा के द्वारा साहसिक गतिविधि में भागीदारी कर लौटने में जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी स्काउट भुवन सिन्हा, डी टी सी गाइड सीमा साहू, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, मनी राम साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, एस आर प्रेमन, संयुक्त सचिव नोम साहू, घनेश्वरी साहू, तनूजा बंजारे, लिलिपुष्पा एक्का, सीनियर स्काउटर गाईडर योगेश्वर प्रसाद गांगुली, कमला वर्मा सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

## भेंडरी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण व भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बुधवार को ग्राम भेण्डरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं सी.सी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक ने लोकार्पण एवं भूमि पूजन करते हुए कहा कि ग्रामीण को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की ग्रामवासियों से संवाद और उनके सुझाव से ही हम विधानसभा के प्रत्येक गांव को विकसित शिक्षित और सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत क्रांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य देवीका बंजारे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराम साहू, सरपंच माधुरी केवल चंद साहू, रेशमी गायकवाड़, संजय साहू, अलखराम साहू, तरुण पारकर, व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर एसडीएम ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्रामों को सघन पौधारोपण की जिम्मेदारी दी

जिले के गुरूर विकासखण्ड के जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में एसडीएम राम कुमार सोनकर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सघन पौधारोपण के संबंध में बैठक ली। बैठक में सोनकर ने विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं सचिवों को सघन पौधारोपण अभियान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। बैठक में उन्होंने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक साथ सघन पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिवों को ग्राम स्तर पर पौध रोपण हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इस अभियान में प्रत्येंक ग्रामीणों के अलावा पंचायत स्तर पर लाभान्वित परिवारों को शामिल करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा की पहल पर राजनांदगांव मार्ग का कीचड़ किया गया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ राहगीरों को मिली राहत

भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गाँधी के प्रयास से कुसुमकसा राजनांदगांव आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों व ग्रामीणों को राहत मिला , कुसुमकसा क्षेत्र में स्थित निको माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड गिधाली मे रोजाना सैकड़ो गाड़ी का आना जाना होता है जिसके कारण रोड मे डस्ट गिरने से बरसात होने पर मुख्य सड़क मे कीचड़ हो जाता था जिसके कारण रोजाना दो चक्का गाड़ी चलाने वाले लोग हादसा का शिकार हो रहे थे और कुछ दिन पहले एक बाइक सवार अपने परिवार के साथ दल्ली जाते जाते निको माइनिंग प्लाट के सामने कीचड के कारण गिर गए थे ऐसा रोजाना कई ग्रामीण दुर्घटना के शिकार हो चूके है ,मुख्य सड़क मे लाल मिट्टी दलदलयुक्त होने से दो पहिया वाहन चालकों को हो रही समस्या से सरपंच ग्राम पंचायत गिधाली ने मण्डल अध्यक्ष को आज सुबह अवगत कराया था । जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ निको माइनिंग के प्रबंधक से बात कर तुरत प्लाट से ग्राइंडर वाला ट्रैक्टर से रास्ता मे कीचड को साफ कराया गया और रोड मे पानी डाल कर रोड के आसपास कीचड को साफ कर रोड को क्लीन किया गया जिससे अब आने जाने वाले को हो आने जाने मे आसानी हो रही है मण्डल अध्यक्ष ने निको माइनिंग के प्रबंधक से रोजाना इस कार्य को करने के लिए कहा अगर आने वाले दिनों में शिकायत आने पर निको कंपनी के सामने धरना पर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण जन बैठने की बात कही ,इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपा नेता कृष्णकांत साहू, देवेंद्र साहू संदीप साहू, ग्राम पंचायत चिपरा के सरपंच यश राणा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला में युक्तियुक्तकरण से दो शिक्षक पदस्थ, शिक्षा व्यवस्था हुई सुदृढ़




**दल्लीराजहरा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई है। इसी क्रम में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर में शिक्षकों की कमी को दूर कर पढ़ाई की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पूर्व में मात्र तीन शिक्षकों के भरोसे संचालित इस विद्यालय में छात्र संख्या 150 से अधिक है। शिक्षकों की संख्या कम होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। लंबे समय से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की जा रही थी। अब युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत दो नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यालय में अब कुल पांच शिक्षक सेवा दे रहे हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने जानकारी दी कि शाला में शिक्षकों की नियुक्ति युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के माध्यम से की गई है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा। इस सकारात्मक बदलाव से विद्यालय के छात्र, पालक, शिक्षक और ग्रामीणजन प्रसन्न हैं और राज्य शासन के प्रति आभार जता रहे हैं।

31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ब्लाक स्तर पर किया जाएगा

## सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के तहत जन जागरुकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सफाई अपनाओं बीमारी भगाओ अभियान के तहत ब्लाक मे 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन ब्लाक स्तर पर किया जाएगा। जिसमे तहत पहले सप्ताह 1 व 2 जुलाई को कार्यक्रम शुभारंभ, स्वच्छ हाथ स्वच्छ घर के तहत जनप्रतिनिधियो द्वारा निकायो मे हरी घंडी दिखकर सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ और स्वच्छ घर घर जागरूकता अभियान का शुभारंभ एवं विद्यालयो में छात्र छात्रओ द्वारा शपथ कार्यक्रम तथा हाथो को स्वच्छ रखने से संबंधित अभियान का आयोजन किया गया।

5 और 6 जुलाई को स्वच्छ नालियां एवं जल निकाय के आयोजन के तहत निकाय के समस्त नालिओं एवं जल स्त्रेतो में कचरे का प्रवेश प्रतिबंधित करके नालिओं की दैनिक सफाई और रख रखाव को नियमित करेंगे। मानसून के दौरान नालियो, जल निकायो के नियमित रख रखाव की निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इस दौरान डेगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे किसी भी जल जनित, वेक्टर जनित रोगों को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 7 से 10 जुलाई तक स्वच्छ शौचालय के तहत उपलब्ध सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो की साफ सफाई एवं सेप्टिक टैंक के रिसाव को नालियों मे जाने से रोकथान हेतु आवश्यक अभियान, शौचालय उपयोगकर्ताओ के व्यवहार मे सुधार को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाएगा। 11 व 12 जुलाई को स्वच्छता ऐप के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराकर उसके महत्व के बारे में बताए जाना है। स्वच्छता ऐप पर दर्ज की गई शिकायतो का त्वरित निवारण के लिए निकास स्तर पर टीम गठित किया जाना है। 13 जुलाई को डस्टबिन के उपयोग का प्रचार प्रसार के तहत सार्वजनिक स्थानो पर कूड़ा कचरा फेकने के बचाव के लिए अलग अलग कूड़ेदान के उपयोग के उपयोग करने से संबंधित जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। 14 जुलाई को शहर के समस्त सार्वजनिक स्थलो पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। 15 जुलाई को समस्त शासकीय कार्यालयो के अंदर एवं बाहर सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। 16 जुलाई को मणिकंचन एवं कम्पोस्ट शेड मे एवं उसक आस पास क्षेत्र में वृहद् सफाई अभियान का आयोजन कियाा जाएगा। 17 जुलाई को समस्त अस्पतालो मे स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई को बाजारो मे स्वच्छता अभियानो का आयोजन किया जाएगा। 19 जुलाई को तालाबो मे एवं उसके आस पास जनप्रतिनिधियो के उपस्थिति मे स्वच्छता अभियानो का आयोजन किया जाएगा। 20 जुलाई को मुक्तिधामो मे स्वच्छता अभियानो का आयोजन किया जाएगा। 21 जुलाई को सार्वजनिक हैडपंप, ओवर हेडटैंक एवं अन्य स्त्रेत तथा उसके आस पास की सफाई किया जाना है। 23 व 24 जुलाई को मोहल्ला समिति मे जन जागरूकता अभियान के तहत मोहला समिति मे स्वच्छता एवं जल संसाधनो के प्रति जन जागरूकता अभियान चला कर डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया बीमारियो से बचावो हेतु जानकारी दी जाएगी। 25 से 27 जुलाई को सफाई मित्रे का मोबाईल मेडिकल के माध्यम से स्वास्थ परीक्षण कराया जाएगा। 28 से 30 जुलाई तक विद्यालयो मे स्वच्छता संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे स्वच्छता संबंधी निबंध, रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 31 जुलाई को वृहद सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमे जन प्रतिनिधियो, ब्रांड अम्बेसडर स्वच्छता क्षेत्र के नगरवासियों के उपलब्धता मे वृहद सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कामता ने 50 किमी की दौड़ का बनाया रिकार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

50 वर्ष की उम्र में 50 किलोमीटर मैराथन दौड़ लगाकर जन्म दिवस मना रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कामता साहू 3 जुलाई गुरुवार को सुबह 5 बजे अपने ग्राम कसौंदा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट बालोद तक दौड़ की शुरुआत की। उनके हौसला अफजाई के लिए तहसील साहू संघ के संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, संतोष श्रीवास, चुरामन साहू, किशन लाल, तुलसीराम, वीरेंद्र साहू, जग्गू राम, जगदीश प्रसाद, अर्जुन साहू ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। सुबह 5 बजे हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती तिलक एवं केक काटकर कामता साहू को दौड़ के लिए झंडा दिखाया गया। दौड़ के दौरान रास्ते में पढ़ने वाले ग्राम हीरू खपरी, तवेरा, मचौड, रूदा, रेंगाकठेरा, खुटेरी, लिमोरा, सिकोसा, पैरी, सांकरी सभी ग्रामों के ग्राम वासियों ने ताली बजाकर उत्साह से उनका स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### सहायक आयुक्त से कर्मचारी संघ ने भेंटकर मांग रखी पर मिलाआश्वासन

**बालोद।** आदिवासी विकास विभाग के नव नियुक्त सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर से आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा सौजन्य मुलाकात किया गया। संघ द्वारा कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों को सहायक आयुक्त के समक्ष रखा गया। जिसमें सहायक आयुक्त द्वारा समस्त कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों का बैठक बुलाकर निराकरण करने एवं जायज मांगों को स्पष्टता के साथ पूरा करने हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, सचिव वीरेन्द्र कश्यप, कार्यकरिणी सदस्य छन्नू लाल, पीतांबर साहू, नंद किशोर साहू, महिला कार्यकरिणी सदस्य बिशौनी साहू, रूखमणी देवांगन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम भानपुरी विद्यालय में एचएम को दी गई विदाई



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण भानपुरी मे शिक्षक विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी मे पदस्थ प्रधानपाठक सालिकराम साहू को विदाई दी गई। जिसमे मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी सालिकराम साहू थे। अध्यक्षता शासकीय प्राथमिक विकास समिति अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी कीर्तन यादव ने किया। वि"ाश अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भानपुरी डाकेश कुमार साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर मीना साहू, ग्राम पटेल भानपुरी मोजीराम श्रवण, ग्रामीण अध्यक्ष भानपुरी जालमसिंह साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक शाला भानपुरी एनके मंडावी, प्रभारी प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला डॉ आर साहू, शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला सीके कुंभज, शिक्षक एआर कोरटिया, एसके सलाम, जीके श्रवण व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भानपुरी उपस्थित थे।

### बालोद में विधिक कार्यशाला आयोजित

**दल्लीराजहरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के संयुक्त प्रयासों से चलाए जा रहे विशेष मध्यस्थता अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए के अंतर्गत 1जुलाई को जिला न्यायालय परिसर बालोद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक देशभर में संचालित किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ बालोद के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद के अध्यक्ष एस.एल. नवरत्न की मार्गदर्शक उपस्थिति रही। इस अवसर पर बताया गया कि मध्यस्थता एक त्वरित, प्रभावी और सौहार्द्रपूर्ण विवाद समाधान की प्रक्रिया है, जो पक्षकारों को पारस्परिक संवाद के माध्यम से समाधान तक पहुँचने में मदद करती है। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होती है। कार्यशाला में न्यायिक अधिकारियों सहित अधिवक्ताओं और विधि विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**अभियान : पेड़ लगाने और सुरक्षित रखने की अपील की**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को व्यापारी संगठन का साथ, तीन सौ पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

एकता व्यापारी संघ डोंडी संगठन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में दिखाई समर्थन 300 पेड़ लगाकर संरक्षण करने का लिए संकल्प लिया। जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जिला में चला रहे जल जतन अभियान को साकार करने ब्लॉक स्तर पर पेड़ लगाने से ज्यादा, पेड़ के संरक्षण पर महत्वपूर्ण निर्देश विभाग के अफसरो को दिया है।

कलेक्टर के निर्देशन पर गुरुवार को जनपद डोंडी के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी एसके साहू ,जनपद सीईओ डीडी मंडले द्वारा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमे ब्लॉक के व्यापारी संगठन, समाज प्रमुख जिला पांचयत सदस्यों, जनपद सदस्यों सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी शामिल थे। जिसमे एक पेड़ मां के नाम अभियान के उद्देश्यों और कार्यान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जनपद सीईओ ने अधिकारियों को अभियान के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा






कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि माताओं के सम्मान के लिए भी एक अद्वितीय पहल है। बैठक में अभियान के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाई गई और अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समाज प्रमुख व व्यापारी संघठन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होने का निर्णय लिया है।

इस अभियान का उद्देश्य मातृ दिवस के अवसर पर माताओं के सम्मान में पेड़ लगाना है। एकता व्यापारी संघठन के अध्यक्ष ओम गोलछा ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और माताओं के सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि व्यापारी संगठन इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से व्यापारी संघठन पर्यावरण संरक्षण और माताओं के सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहा है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जिला पांचयत सदस्य मिथलेश नुरेटी, जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी, साधना सोरी, तहसीलदार देवेंद्र नेताम, पीओ नीरज वर्मा, डोंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे, एकता व्यापारी संघ से कमलेश गुणधर, अश्वनी जायसवाल, पुनम कोठारी, राजेंद्र नाहर, नीलेश जायसवाल, समाज प्रमुख जनों में छगन यादव, रोहित माहला, सुनहेर कोसमा सहित अन्य शामिल थे।



## जामगांव आर स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में गुरुवार को पर्यावरण विरासत उपहार समारोह आयोजित कर समिति सदस्यों, आचार्यों, विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम रोपित किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ केएस देवांगन, डॉ गुलाब साहू, प्राचार्य पीएल बारले, पवन बंछोर, आचार्य धनेश्वरी साहू, झरना साहू, परमानंद, लिकेश्वर साहू ने बेल, कदम, मीठा नीम पत्ती, नींबू, पपीता आदि एक पेड़ मां के नाम रोपित किए। विद्यालय के दर्जनों विधार्थियो ने स्कूल को हरा भरा सुंदर रखने के लिए बागवानी क्यारी में मोगरा, चांदनी, रातरानी, चंपा, बादाम, चिंकू, दूध मोगरा आदि पौधों का रोपण किए।

### पौधारोपण से पर्यावरण होगा संतुलित

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि पर्यावरण विरासत का सबसे बड़ा उपहार है। पर्यावरण अच्छी होने से स्वास्थ अच्छा रहता है ।बेल नींबू पपीता मीठा नीम पत्ती शरीर को स्वस्थ बलिष्ठ रखने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम की जो मार्गदर्शन चिंतनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है हम सब उन्हें नतमस्तक करते है। विरासत में पर्यावरण का उपहार संतान को देकर माता पिता बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखे। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि विद्यालय परिसर में पौधारोपण का कार्य सतत जारी रहेगा गुरुवार को 66 पेड़ पौधों का रोपण किया गया, निकट भविष्य शेष पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा।

## पंचायत आनंदपुर व दुपचेरा में पौधारोपण किया गया



**गुरूर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत आनंदपुर एवं दुपचेरा में पौधारोपण किया गया। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान एक अदभूत पल है, जो हमें मां के प्रति अपनी श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को जोड़ता है।

प्रकृति और मातृ शक्ति दोनों जीवन दायिनी है, यदि हर व्यक्ति अपनी मां की स्मृति में एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करें तो यह अभियान महत्वपूर्ण बन जाएगा। पौधारोपण से हमारा प्रयास रहेगा की हर गांव तक हरियाली पहुंचे और आने वाली पीढियां के लिए शुद्ध पर्यावरण की नीव रखी जा सके।

जनपद सभापति संध्या अजेंद्र साहू ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यहां अभियान मातृ शक्ति और हरियाली दोनों का प्रतीक है हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर जनपद सदस्य तारा देवी ताम्रध्वज यादव, संजय साहू, अजेंद्र साहू, सरपंच दानेश्वरी साहू, उप सरपंच ललित रायपुरिया, पंचायत सचिव पुरुषोत्तम सोनभद्र शिक्षक बंटी श्याम, हरि ओम साहू सहित स्कूली छात्र–छात्रएं एवं पंचगण उपस्थित थे।

## मड़ियाकट्टा स्कूल के प्रवेशोत्सव पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**डौण्डीलोहारा।** विकास खण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच आनंद राम रावटे, अध्यक्षता राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर, विशेष अतिथि भगवानी राम सिन्हा उपसरपंच, फत्तेसिंह ठाकुर, सुखेन्द्र सहारे, गिरिवर सिंह कोलियारे, सोमन मण्डावी, नारदराम भुआर्य के आतिथ्य में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम शुभारंभ छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान गुलाल,अक्षर तिलक लगाकर किया गया।इस अवसर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर मुंह मीठा कराया गया व निशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में मनाए जाने वाला एक कार्यक्रम है जिसमें नए छात्रों का स्वागत किया जाता है और शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाती है और यह उत्सव नये छात्रों के लिए उत्साह और खुशी का माहौल बनाने उन्हें स्कूल और शिक्षा से परिचित कराने और समुदाय को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने का शानदार अवसर है।इस अवसर पर प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों के पालको से बच्चों को नियमित शाला आने व नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### पौधारोपण करके दिया संदेश

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पालक और शिक्षक को जिम्मेदारी समझना चाहिए क्योकि नींव मजबूत होना बेहद जरुरी है। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने नशा मुक्त समाज, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण करने का संदेश जन जन तक पहुँचाने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षाविद गिरिवर सिंह कोलियारे ने शिक्षा और संस्कार के लिए माता पिता को ध्यान देने के लिए प्रेरित किए। सोमन सिंह मण्डावी ने शिक्षा महत्व पर अपने अनुभव को साझा किये, इस अवसर एक पेड़ माँ नाम पर वृक्षारोपण किया गया। महिला समूह द्वारा न्यौता भोज कराया गया।इस अवसर शिक्षक दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, गांधीराम बघेल, नारायण सिंह कोठारी, भूमिका मोवाड़े, पंचायत प्रमुख, पालकगण ,ग्रामीण सोम जी, शंखूराम चुरेन्द नेताम, भोज सिंह देवांगन, भूपेन्द्र देवांगन, सुखबाई, अनिता, योगिता देवांगन, शकुन रावटे, जयचंद सिन्हा, हगरुराम, मस्तेराम नागवंशी, परमेश्वर ओटी, मोतीराम, जानकी चंदेल, मंजू रावटे, पूजा रावटे, रीतु नेताम,दिलेश्वरी, दुर्गा नेताम, प्रेमबती, मीनाबाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सिरसिदा की शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया



**अंडा।** ग्राम सिरसिदा के पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्षता सरपंच सरस्वती इन्द्र जीत चंद्राकर एवं विशेष अतिथि उप सरपंच दामिनी चंद्राकर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिक्षा वित्त कृपाराम पटेल, बाल गोविंद साहू, दुर्गा साहू ,आत्मा साहू उपस्थित थे कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल चंदन लगाकर एवं काव्य किताब देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापिका लीला देवांगन एवं अन्य शिक्षक गण महेंद्र कुमार,साहू, पुष्पा साहू, राकेश कुमार प्राइमरी स्कूल के प्रधान अध्यापिका धनेश्वरी साहू एवं शिक्षक गण दशेन्द्र कुमार साहू , गीतिका देशमुख का विशेष योगदान रहा।

**संकुल कुथरेल में शाला प्रवेश उत्सव**

## नवप्रवेशी बच्चों को मुंह मीठा कराकर मनाया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**अंडा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शा पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर जनपद सदस्य एवं विशेष अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा कार्यालय से विवेक शर्मा एपीसी, गीता गजपाल सरपंच कुथरेल, एवं समस्त पंच गण, संकुल कुथरेल के समस्त संस्था प्रमुख इंदुमलिक प्राचार्य, राधेलाल चंद्राकर प्रधान पाठक अछोटी, राकेश बैस प्रधान पाठक कन्या पूर्व मा शाला कुथरेल।प्रेम लाल साहू प्रधान पाठक अछोटी भाटा, जनक यादव प्रधान पाठक बालक कुथरेल, रीना चंदेल, प्रधान पाठक अछोटी, उमा शुक्ला कन्या प्रा शाला कुथरेल ,ललिता देशमुख प्रधान पाठक भरदा की गरिमा मयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । मुख्य अतिथि लोमश चंद्राकर ने अपने उदबोधन में शा पूर्व मा शाला कुथरेल में जनपद सदस्य मद से टॉयलेट निमार्ण कराने की घोषणा किये। विवेक शर्मा एपीसी द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिए ततपश्चात जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुये गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तक एवम, संकुल मद से सभी नवप्रवेशी बच्चों को कॉपी वितरण किया गया। कन्या प्राथमिक शाला के छात्राओ द्वारा नृत्य प्रस्तुत की गई। ततपश्चात सभी अतिथियों द्वारा शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत मे संकुल समन्वयक विवेकानंद दिल्लीवार द्वारा अतिथिओं के प्रति आभार ब्यक्त करते हुये कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।



## उसरीटोला में वनांचल शिक्षा सेवा न्यास का किया शुभारंभ



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम उसरीटोला में वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के तत्वावधान में दिनांक 2 जुलाई दिन बुधवार को शाम 6:00 बजे मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरस्वती शिक्षा केंद्र का उद्घाटन संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में केशू राम पूर्व उपसरपंच, मन्नेराम निषाद, देवारू राम निषाद, मुन्नी बाई,आशा बाई निषाद, मैना बाई , थानुराम, किशोर निषाद,नागेश निषाद, भान बाई, तुलसा बाई, घसिया राम एवं 15 भैया एवं दीदी, आचार्य दीदी टामिन निषाद,हर्षिखा साहू, लोकिता,संकुल समन्वयक अमीरदास कृषाणे,आचार्य तुलेश कुमार उपस्थित थे।

**संस्कारयुक्त शिक्षण की हुई शुरुआत**

# वनांचल में शिक्षा की नई रौशनी सरस्वती शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

विद्या भारती द्वारा संचालित वनांचल शिक्षा सेवा न्यास के तहत जनजातीय क्षेत्र में सरस्वती शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ ग्राम कुसुमकासा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य डौण्डी आशा बाई आर्य और अध्यक्षता अंजू बाई कोसमा ने की। विशेष अतिथियों में भाजपा कुसुमकासा मंडल के महामंत्री पुषण लाल भुआर्य, उपाध्यक्ष शिवराम सिन्दामे, ग्राम पंचायत सचिव सुखित भुआर्य तथा सुरेश यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता और मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि, "सरस्वती शिक्षा केन्द्र जैसी संस्थाएं सुदूर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाकर समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य कर रही हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।"



भाजपा महामंत्री पुषण लाल भुआर्य ने कहा कि शिक्षा केन्द्र में भारतीय संस्कृति आधारित संस्कारयुक्त शिक्षा दी जा रही है। यहां पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण, कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर विशेष बल देते हुए युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों का संचार किया जा रहा है। भाजपा उपाध्यक्ष शिवराम सिन्दामे ने कहा कि वनांचल शिक्षा सेवा न्यास समाज में सेवा, समर्पण और संस्कार के भाव को लेकर कार्य कर रहा है।

कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में यह शिक्षा केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो दानदाताओं और ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक सुरेश कुमार यादव ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिनी बाई भुआर्य, हरिश्चंद्र आर्य, सीता बाई आर्य, माहगू राम सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मां मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411